भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1019

उत्तर देने की तारीख 02 दिसंबर, 2024
11 अग्रहायण, 1946 (शक)

तमिलनाडु में खेलों को बढ़ावा

1019. श्री रॉबर्ट ब्रूस सी.:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तमिलनाडु में खेलों को बढ़ावा देने के लिए आवंटित, संवितरित और उपयोग की गई निधि का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क): इस मंत्रालय में धनराशि स्कीम-वार आबंटित की जाती है, न कि राज्य-वार/जिला-वार। तथापि, खेलो इंडिया स्कीम के “खेल अवसंरचना का निर्माण और उन्नयन” घटक के अंतर्गत, तमिलनाडु राज्य में 05 परियोजनाओं सहित 323 खेल अवसंरचना परियोजनाओं को 29.50 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं का विवरण https://mdsd.kheloindia.gov.in/ पर उपलब्ध है।

(ख): खेल राज्य का विषय होने के कारण, खेलों के विकास की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों की है तथा केंद्र सरकार केवल उनके प्रयासों में सहायता करती है। तथापि, सरकार ने प्रतिभाओं की पहचान तथा उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्चतम उपलब्धि प्राप्त करने हेतु तैयार करने के अधिदेश से पुनर्संरचित खेलो इंडिया स्कीम को नया रूप दिया है। "प्रतिभा खोज और विकास" घटक के अंतर्गत, देश भर से एथलीटों का चयन किया जाता है। इसके अतिरिक्त, सरकार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करने तथा उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु तैयार करने के लिए देशभर में विभिन्न खेल प्रोत्साहन स्कीमों को भी लागू कर रही है।

****